## एक नजर में

### दवा विक्रेताओं ने बन्द रखीं दुकानें

**जीरापुर 20 मई, सं.** दवा विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखकर दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखें. जिला राजगढ़ औषधि विक्रेता संघ के आव्हान पर नगर के दवा विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखे. एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के रूप में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, एसडीएम को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया. औषधि विक्रेता संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री जन स्वास्थ्य पर उत्पन्न गंभीर खतरे तथा छोटे केमिस्टों के संरक्षण हेतु तत्काल हस्तक्षेप किया जाये जिसमें अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाए. बिना वेध एवं सत्यापित ई–प्रिस्क्रिप्शन दवा की बिक्री एवं होम डिलीवरी बंद की जाए. जीआरएस बी 17 (ई) एवं जीआरएस 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए. ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर रोक लगाई जाने की मांग की. ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष घनश्याम टांक, अंशुल अग्रवाल, संतोष बंसल, मुकेश गुप्ता गरड़ा, कमल दांगी, गौड़, हरिओम दांगी, निखिल टॉक सहित सदस्य मौजूद रहें.

### 24 को पेंशनर संघ का सम्मेलन आयोजित

**जीरापुर 20 मई, सं.** पेंशनर संघ के तत्वाधान में पेंशनर जिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भावसार धर्मशाला में 24 मइ रविवार को रखा गया है. पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि यह आयोजन भावसार समाज धर्मशाला में प्रातः 11.30 बजे से प्रारंभ होगा. जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नए पेंशनर का स्वागत तथा स्थानीय तथा जिले के अतिथि पेंशनर का को सम्मानित किया जाएगा. समस्त पेंशनर को आमंत्रण पत्र भेजकर आमंत्रित किए गए हैं. जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दिनेश कुमार नागर जिला अध्यक्ष पेंशन राजगढ़ करेंगे.

### किसान मोर्चा अजा मोर्चा जिलाध्यक्षों का स्वागत

**पडाना 20 मई, सं.** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश बेस एवं नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विष्णु मालवीय के पड़ाना आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व किसान वर्ग ने पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सतीश बेस ने उपस्थित किसानों से सीधा संवाद किया. उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. बेस ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा हर किसान की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, ओम परमार, राजेंद्र सिंह परमार करौंदी, गोकुल प्रसाद, अब्बास भाई मंसूरी, राजेश यादव, भगवान दास गुप्ता, जगदीश राजपूत, कमलेश सिंघानिया उपस्थित रहे.

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.
**संपर्क** – के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल 9827869751 बिल 22 मई**



# 108 कलशों के साथ निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

## सांप्रदायिक सौहार्द की दिखी अनूठी मिसाल, अल्पसंख्यक समाज ने भी किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**पडाना 20 मई, सं.** समीपस्थ ग्राम चतुरूखेड़ी में बुधवार को आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर कोई भावविभोर हो उठा. करीब 400 वर्षों से खुले आसमान के नीचे तपस्यारत पवनपुत्र हनुमान जी महाराज के भव्य मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा का महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया. इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. महोत्सव का शुभारंभ 108 कलश धारण किए मातृशक्ति की विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ. जिससे पूरा मऊ–चतुरूखेड़ी मार्ग जय श्री राम और वीर हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा.

बुधवार सुबह 10 बजे ग्राम मऊ स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से इस भव्य शोभायात्रा का शंखनाद हुआ. खेड़ापति मंदिर से शुरू होकर यह यात्रा मेन रोड, ब्रिज चौराहा, ग्रामीण बैंक सर्विस रोड और नेशनल हाईवे से होते हुए करीब 3 किलोमीटर का सफर तय कर चतुरूखेड़ी गांव पहुंची.

**चतुरूखेड़ी में दिखा कौमी एकता का अनुपम दृश्य** शोभायात्रा का पूरे मार्ग में नगरवासियों ने पलक–पावड़े बिछाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान चतुरूखेड़ी गांव में सांप्रदायिक सौहार्द की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली. गांव में निवासरत अल्पसंख्यक वर्ग के ग्रामीणों ने न सिर्फ कलश यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया. बल्कि उपस्थित संत समाज को पुष्पमाला पहनाकर और फूलों की बारिश कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की.

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में रही हड़ताल

## जनस्वास्थ्य के खतरे और छोटे दवा व्यापारियों के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**जिले के केमिस्टों की ऐतिहासिक हड़ताल, दवा दुकानें रहीं पूरी तरह बंद**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 मई, का.** इंटरनेट के माध्यम से धड़ल्ले से हो रही अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट (डीप डिस्काउंटिंग) के विरोध में आज राजगढ़ जिले के दवा व्यापारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई. ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और म.प्र. राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आज राजगढ़ जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की.

इस आंदोलन के तहत दवा विक्रेता संघ के प्रतिनिधियों ने संभागीय आयुक्त, जिलाधीश, एस.डी.एम. और तहसीलदार को मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार के नाम एक गंभीर ज्ञापन सौंपा और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की.

**अवैध ऑनलाइन कारोबार से जनस्वास्थ्य को बड़ा खतरा** दवा विक्रेताओं ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि लंबे समय से संबंधित प्राधिकरणों से गुहार लगाने के बाद भी ऑनलाइन दवा माफियाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. वर्तमान में बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के फर्जी ई–प्रिस्क्रिप्शन के सहारे दवाएं बेची जा रही हैं. बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के घर–घर दवाओं की अनियंत्रित डिलीवरी हो रही है. अत्यधिक छूट और नुकसान उठाकर बाजार कब्जाने वाली नीतियां अपनाई जा रही हैं.

व्यापारियों का कहना है कि यह न केवल करोड़ों मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है, बल्कि नियमों का पालन कर दुकान चलाने वाले देश के लाखों लाइसेंसधारी छोटे केमिस्टों के अस्तित्व पर भी सीधा प्रहार है.

दवा विक्रेता संघ, राजगढ़ संघ ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और संबंधित विभागों को कई बार प्रमाण सौंपे गए. उन्होंने माना भी कि यह अवैध है, लेकिन आज तक कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई. केमिस्ट एसोसिएशन दवा व्यापारियों ने जनहित और छोटे व्यापारियों के संरक्षण के लिए प्रशासन मांग की है कि तत्काल अवैध रूप से चल रही ऑनलाइन दवा बिक्री पर तुरंत और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए.

### दवा व्यापारियों ने मेडिकल बंद रखे, जताया विरोध




**ब्यावरा 20 मई, का.** जिले भर में दवा व्यापारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अपने मेडिकल प्रतिष्ठान बंद रखे. प्रशासन को ज्ञापन भी स्थान–स्थान पर सौंपा गया है. व्यापारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से होने वाली दवा बिक्री का विरोध कर रहे है. दवा व्यापारियों और फार्मासिस्टों ने जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार आनंद जायसवाल को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान शहर की 200 से अधिक मेडिकल दुकानें बंद रहीं. दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन बिक्री को जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया. संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर फर्जी मेडिकल पर्चियां बनाई जा रही हैं. इन पर्चियों के जरिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से आसानी से दवाएं खरीदी जा रही हैं. इससे एंटीबायोटिक, नशीली और मनोप्रभावी दवाओं का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है. व्यापारियों का तर्क है कि मेडिकल स्टोर पर दवा देते समय मरीज, डॉक्टर और पर्चे की जांच की जाती है, जबकि ऑनलाइन बिक्री में ऐसी कोई प्रभावी निगरानी नहीं होती.

कई मामलों में एक ही पर्चे का बार–बार इस्तेमाल कर दवाएं मंगाई जा रही हैं. इससे युवाओं में नशे की लत और एंटीबायोटिक के गलत उपयोग का खतरा बढ़ रहा है, हड़ताल के कारण शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे लोगों को दवाएं लेने में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा. हालांकि, व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उनका यह आंदोलन मरीजों की सुरक्षा और दवाओं के सही उपयोग के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया गया है.

# जिसकी देखभाल के लिये रखा उसी की कार ले भागा कर्मचारी

## व्यापारी ने विश्वसनियता के कारण सुरक्षा कंपनी के माध्यम से रखा था गार्ड

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 20 मई, का. अपने बेटे के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये नगर के एक व्यापारी ने जिस कर्मचारी को रखा वहीं कर्मचारी उस व्यापारी की कार और मोबाईल लेकर फरार हो गया. पुलिस मामला दर्ज कर फरार कर्मचारी की तलाश कर रही है.**

जानकारी के अनुसार नगर के व्यापारी फनिराजदास मूंदड़ा ने अपने बेटे हितेश के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु उक्त कर्मचारी रखा था. कर्मचारी की विश्वसनियता को ध्यान में रखते हुए श्री मूंदड़ा ने विशाल राठौर नामक उक्त कर्मचारी को भोपाल की एक हेल्थ केयर कंपनी के माध्यम से हायर किया था. दुर्भाग्य से महज एक माह में ही वह कर्मचारी जिस युवक की देखभाल कर रहा था उसी की कार, मोबाईल लेकर फरार हो गया.

व्यापारी फनिराजदास मूंदड़ा उर्फ काका ने बताया कि यह घटना 16 मई की है. दोपहर के समय आरोपी विशाल राठौर हितेश मूंदड़ा का मोबाईल लेकर उनके एक कर्मचारी से कार की चाबी यह कहकर ले गया कि मूंदड़ा जी के मेहमान को लेने जा रहा हूं. चंद मिनिट में ही विशाल कार लेकर फरार हो गया.

पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट 18 कई को दोपहर में लिखी. युवक टाटा ग्लांजा नामक करीब 10 लाख रूपये कीमत की गाड़ी जिसका नंबर एमपी09/डब्ल्यू एच 6857 है ले भागा. साथ में वह करीब एक लाख रूपये कीमत का मोबाईल भी चोरी कर ले गया. पुलिस युवक के दस्तावेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है. फरार होने के चार दिन बाद भी वह हाथ नहीं आ पाया है.

**आधार कार्ड में पता भोपाल का, निवासी छिंदवाड़ा का**

जानकारी के अनुसार उक्त युवक ने भोपाल की परिहोम हेल्थ केयर एजेंसी के माध्यम से अपनी नौकरी लगवाई थी. उसने कंपनी को जो दस्तावेज दिये थे उसके अनुसार उसका आधार कार्ड में पता भीम नगर, 1250 छात्रावास के पास भोपाल बताया गया है लेकिन कंपनी के पास उसकी पत्नि के मोबाईल नंबर से पता चला है कि वह छिंदवाड़ा का निवासी है.

# पहाड़ी क्षेत्र में मिला शव

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 20 मई, सं. ग्राम चौकी के पास एक पहाड़ी क्षेत्र में बुधवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिला. सूचना मिलने पर सुठालिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जिसके लिए पुलिस सोशल मीडिया का सहारा ले रही ह.**

जानकारी के अनुसार बुधवार को कुछ ग्रामीण पहाड़ी क्षेत्र की ओर गए थे. इसी दौरान उनकी नजर एक वृद्ध व्यक्ति पर पड़ी. जो जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा था. पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है. इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत सुठालिया थाना पुलिस को सूचना दी.

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जिसका आज गुरुवार को पीएम होगा. सुठालिया थाना के एएसआई जयप्रकाश साहू ने



बताया कि मृतक की उम्र लगभग 60 से 65 वर्ष प्रतीत हो रही है.

मृतक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल या ऐसा कोई सामान नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. आसपास के गांवों और थानों में भी मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए सूचना भेजी गई है.

ग्रामीणों के अनुसार, मृतक का पहनावा और उसके पास मिले सामान को देखकर ऐसा लगता है कि वह बकरियां चराने वाला व्यक्ति हो सकता है. अत्यधिक गर्मी और पानी की कमी को उसकी मौत का संभावित कारण माना जा रहा है. हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा.

### सल्फास खाने से युवक की मौत

**खिलचीपुर 20 मई, सं.** समीपस्थ ग्राम जैतपुरा खुर्द में एक 25 साल के युवक की सल्फास खाने से मौत हो गई. युवक के परिजनों के अनुसार युवक लंबे समय से शादी की बात को लेकर परेशान चल रहा था. मंगलवार शाम उसने कथित रूप से सल्फास की गोली खा ली. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे खिलचीपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया. मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है.

# 12वीं की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया हुई बेहद सरल, पारदर्शी

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 मई, का.** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशनने वर्ष 2026 की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है. बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक सरल, पारदर्शी और छात्रहितैषी बना दिया है. अब कोई भी विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका की स्कैन्ड कॉपी मात्र 100 प्रति विषय के किफायती शुल्क पर प्राप्त कर सकता है.

सीबीएसई के इस कदम से छात्रों को अपनी परफॉरमेंस को खुद परखने का एक बेहतरीन मौका मिलेगा.

**एक अंक भी बढ़ा तो पूरी फीस होगी वापस**

बोर्ड द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने के लिए शुल्कों को बेहद कम रखा गया है. जिसमें अंकों का सत्यापन 100 प्रति विषय तथा स्कैन्ड उत्तरपुस्तिका प्राप्त करना 100 प्रति विषय. एवं विशेष प्रश्न की पुनः जांच-केवल 25 प्रति प्रश्न के हिसाब से कर सकते है. यदि पुनः जांच के दौरान विद्यार्थी के अंकों में केवल एक अंक की भी वृद्धि होती है. तो सीबीएसई द्वारा ली गई पूरी फीस छात्र को वापस कर दी जाएगी.

**98 लाख कॉपियों की हुई ऑन–स्क्रीन मार्किंग** स्कूल एजुकेशन सेक्रेटरीसंजय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष लगभग 98 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन डिजिटल प्रणाली यानी ऑन–स्क्रीन मार्किंग के माध्यम से किया गया है. उन्होंने इस प्रणाली को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि इस तकनीक में उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर शिक्षकों को कंप्यूटर स्क्रीन पर उपलब्ध कराया जाता है. शिक्षक पारंपरिक पेन की जगह माउस का उपयोग करते हैं, लेकिन मार्किंग स्कीम और अंक देने की मूल प्रक्रिया पहले जैसी ही रहती है.

इस डिजिटल मूल्यांकन के लिए सीबीएसई ने शिक्षकों को विशेष और व्यापक प्रशिक्षण भी दिया है.

# सोंधिया राजपूत महासभा का कॅरियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 20 मई, सं.** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा ब्लॉक द्वारा समाज धर्मशाला में करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की. शुभारंभ समारोह प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया. शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया. जिसमें सीबीएससी से कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान मोहित सिंह नरबाण पिता दिनेश सिंह नरबाण, कक्षा 10वीं प्रतिभा सम्मान राधिका चौहान पिता कमल सिंह चौहान खेरखेड़ी, जितेंद्र पंवार पिता एल्कारसिंह पंवार, द्वितीय चित्रलेखा पिता जगदीश तोमर बटावदा, तृतीय प्रतिज्ञा पिता चंदरसिंह चौहान काशीखेड़ी, कक्षा 12वीं प्रतिभा सम्मान प्रथम अनमोल चौहान पिता विष्णु सिंह खेरखेड़ी, द्वितीय शिवानी पिता जसवंतसिंह, कवलसीखेड़ा, तृतीय निषा चौहान पिता नारायण सिंह गोघटपुर रहे. इस अवसर पर विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा अलग–अलग सत्र आयोजित किए गए. प्रथम सत्र प्रो. हिमांशु चाष्टा द्वारा लिया गया. द्वितीय सत्र शिक्षक करियर काउन्सलर अनिल पुष्पद, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश बागड़े द्वारा संबोधित किया गया. इसी दौरान लक्ष्मी नारायण तमोलिया ने जैविक खेती एवं कृषि के आधुनिक आयामों पर जानकारी दी.

समापन सत्र में समाज के जिला अध्यक्ष नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, कालूसिंह तोमर ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी शिक्षा एवं समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. संचालन कुमेर सिंह परिहार, रघुवीर सिंह सोलंकी ने किया. आभार नारायण सिंह तोमर ने व्यक्त किया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन प्यारेलाल चौहान सहित समाजजन उपस्थित रहे.

**परेशान** पचोर बस स्टैंड पर तरबूज, खरबूजा और आम के चलते लग रहा महाजाम, जनता परेशान

# अतिक्रमणकारियों और चोरों को नहीं प्रशासन का खौफ

**पेट्रोल पंप हादसे के बाद भी नहीं जागा अमला, अनाउंसमेंट के 10 दिन बाद भी जस की तस स्थिति त्रस्त जनता बोली– नगर में न पुलिस है, न नगरीय प्रशासन**

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 20 मई, सं. नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्थाओं और अतिक्रमण का टापू बन चुका है. सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक यहाँ जाम के हालात बने रहते हैं. जिससे आम नागरिक, मुसाफिर और वाहन चालक बुरी तरह परेशान हैं.**

हैरानी की बात यह है कि हाल ही में एक पेट्रोल पंप पर हुई आगजनी की घटना के बाद भी




जिम्मेदार प्रशासन गहरी नींद से जागने को तैयार नहीं है.

**सड़क पर सज रही फल मंडी, बसों को निकलने की जगह नहीं** पचोर बस स्टैंड पर इन दिनों बड़े पैमाने पर फलों का कारोबार चल रहा है। थोक व्यापारियों द्वारा तरबूज, खरबूजा और आम की नीलामी सीधे मुख्य सड़क पर ही की जा रही है. सड़क पर ही बड़े–बड़े ट्रक और पिकअप वाहन खड़े कर खाली और लोड किए जा रहे हैं. नीलामी के बाद फुटकर व्यापारी अपने वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा कर फल भरते हैं. सुबह 6 बजे से यात्री बसों का आना–जाना शुरू हो जाता है, लेकिन इस अवैध मंडी के कारण बसों को खड़ा करने और निकालने तक की जगह नहीं बचती. बस मालिक और एजेंट हर दिन इस नरकीय स्थिति से जूझ रहे है. लेकिन पुलिस और नगरीय प्रशासन इस पूरी स्थिति से पूरी तरह अनभिज्ञ बना हुआ है.

**सत्ता और विपक्ष मिले हुए हैं, जनता लावारिस है**

नगर के त्रस्त और आक्रोशित नागरिकों का कहना है कि पचोर नगर में न तो पुलिस प्रशासन अस्तित्व में दिख रहा है और न ही नगरीय प्रशासन. सबसे ज्यादा निराशा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से है. जनता का आरोप है कि नगर में जनता की बुनियादी समस्याओं के लिए लड़ने वाला कोई नहीं है. सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों मिलकर अंदरखाने काम कर रहे हैं और आपसी तालमेल के चलते मौन साधे हुए हैं. नेताओं को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है. आम नागरिक खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है. अब देखना यह है कि इस गंभीर अव्यवस्था और जन–आक्रोश के बाद भी प्रशासन की नींद टूटती है या पचोर की जनता इसी तरह जाम और डर के साये में जीने को मजबूर रहेगी.

### प्रतिदिन गायब हो रही हैं मोटरसाइकिल

एक तरफ जहां नगर यातायात और जाम से कराह रहा है. वहीं दूसरी तरफ नगर में शातिर चोर उचक्के भी सक्रिय हैं. हर गली–मोहल्ले से प्रतिदिन दो–चार साइकिलें, मोटरसाइकिलें और मोबाइल गायब हो रहे हैं. ऐसा लगता है कि पचोर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और चोर–बदमाशों को पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है.

### अनाउंसमेंट के बाद भी असर शून्य

हाल ही में पेट्रोल पंप पर लगी आग के बाद प्रशासनिक अमले ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुराने बस स्टैंड से भोजपुरिया तक, बस स्टैंड से बोड़ा नाका तक और सदर बाजार सहित नगर के सभी व्यस्ततम मार्गों से अतिक्रमण हटाने की मुनादी (अनाउंसमेंट) कराई थी. लेकिन इस बात को 10 दिन बीत जाने के बाद भी जमीन पर कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है. अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनमें नगरीय प्रशासन और पुलिस का कोई खौफ ही नजर नहीं आता.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026–27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड – 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट– यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता – OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज–
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट– प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क – 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से –04 जून 2026